**प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम**
**एवं जिला कलक्टर उदयपुर**
**निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.**

प्रकरण संख्याः 64 / **2026** (अपील सूचना का अधिकार)

रामजी पिता थावरा भील पताः मु.पो. सुन्दरा, तहसील–खेरवाड़ा, उदयपुर

..............**अपीलार्थी**

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार खेरवाड़ा, उदयपुर (राज.)

..................**प्रत्यर्थी**

## प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

# निर्णय

**दिनांकः** 04/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि दिनांक 24.12.2025 को एक प्रार्थना पत्र प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को उपलब्ध नहीं कराये जाने से असंतुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र क्रमांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/64/26/409–10 दिनांक 09.03.2026 से लिखा गया। प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब शामिल पत्रावली किया गया।

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार खेरवाड़ा द्वारा जरिये पत्र क्रमांकः सू. अधि./2026/118 दिनांक 22.04.2026 से जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया कि चाही गई सूचना अपीलार्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 22.04.2026 से भिजवा दी गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक दिनांक 22.04.2026 से अपीलार्थी को प्रेषित कर दी गई है। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को सूचना प्रेषित किये जाने से अब अपील में अन्य कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावें।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
**प्रथम अपील अधिकारी,**
**सूचना का अधिकार अधि. एवं**
**जिला कलक्टर, उदयपुर**

जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.04 19:18:27 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21982047
M e-Sign